राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, पंचकूला

(वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)

निफ्ट परिसर, पंचकूला– 134116, हरियाणा, भारत

''हिन्दी पखवाड़ा– 2023''

(14 सितम्बर, 2023 से 29 सितम्बर, 2023)

प्रतिवेदन

<u>हिन्दी पखवाड़ा– 2023 का शुभारम्भ</u>

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) मुख्यालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार हिन्दी पखवाड़ा– 2023 का आयोजन 14 सितंबर, 2023 से 29 सितम्बर, 2023 के मध्यान्ह् निफ्ट, पंचकूला में किया गया। निफ्ट परिसर, पंचकूला के निदेशक महोदय प्रोफेसर (डॉ.) अमनदीप सिंह ग्रोवर की अध्यक्षता में माननीय वस्त्र मंत्री, माननीय वस्त्र राज्यमंत्री, माननीय सचिव, वस्त्र मंत्रालय तथा माननीय महानिदेशक, निफ्ट द्वारा हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर जारी किये गये संदेशों को निफ्ट पंचकूला के पदाधिकारियों द्वारा पढ़ा गया इसके साथ ही निदेशक महोदय ने सभी अधिकारियों/संकाय/कर्मचारियों को राजभाषा शपथ दिलाई एवं हिन्दी पखवाड़ा– 2023 कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस आयोजन के मौके पर निफ्ट, पंचकूला के निदेशक महोदय प्रोफेसर (डॉ.) अमनदीप सिंह ग्रोवर एवं संयुक्त निदेशक प्रभारी (राजभाषा) श्री दीपक राणा द्वारा हिन्दी दिवस की महत्ता व हिन्दी भाषा की उपयोगिता के साथ ही हिन्दी पखवाड़ा करवाने का उद्देश्य एवं हिन्दी पखवाड़ा में होने वाली आगामी गतिविधियों के बारे में सर्वगणों को अवगत करवाया गया। इस मौके पर निफ्ट, पंचकूला के लगभग सभी अधिकारीगण/संकायगण/कर्मचारी गणों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई गई।

हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता

निफ्ट, पंचकूला में दिनांकः 18 सितम्बर, 2023 को हिन्दी पखवाड़ा– 2023 के अन्तर्गत हिंदी निबंध प्रतियोगिता अधिकारियों/संकाय/कर्मचाारियों/विद्यार्थियों हेतु आयोजित की गई। जिसके अन्तर्गत अधिकारियों/संकाय/कर्मचारियों/विद्यार्थियों द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ बढ–चढकर हिस्सा लिया गया तथा इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुल प्रतिभागियों की उपस्थिति 29 रही।

<u>हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता</u>

निफ्ट पंचकूला में दिनांक 20 सितम्बर, 2023 को हिन्दी पखवाड़ा– 2023 के अन्तर्गत हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता अधिकारियों/संकाय/कर्मचाारियों हेतु आयोजित की गई। जिसमें हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपण से संबंधित प्रश्नों का समावेश किया गया। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत अधिकारियों/संकाय/कर्मचाारियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सर्वाधिक कुल 21 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

<u>हिन्दी आशु भाषण प्रतियोगिता</u>

निफ्ट पंचकूला में दिनांकः 22 सितम्बर, 2023 को हिन्दी पखवाड़ा– 2023 के अन्तर्गत हिन्दी आशु भाषण प्रतियोगिता अधिकारियों/संकाय/कर्मचारियों/विद्यार्थियों हेतु आयोजित की गई। जिसके अन्तर्गत अधिकारियों/संकायगण/कर्मचारीगणों/विद्यार्थियों द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया गया। प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुल प्रतिभागियों की उपस्थिति 16 रही।

हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता

निफ्ट, पंचकूला में दिनांकः 25 सितम्बर, 2023 को हिन्दी पखवाड़ा– 2023 के अन्तर्गत हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता केवल एमटीएस हेतु आयोजित की गई। जिसके अन्तर्गत परिसर एमटीएस द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया गया तथा इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत कुल प्रतिभागियों की उपस्थिति 6 रही।

समापन समारोह

हिन्दी पखवाड़ा– 2023 का समापन निफ्ट, पंचकूला में दिनांकः 29 सितम्बर, 2023 को आयोजित किया गया, जिसमें निफ्ट, पंचकूला के निदेशक महोदय, संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी (राजभाषा) तथा परिसर के अधिकारी/संकाय/कर्मचारी/विद्यार्थी उपस्थित हुए एवं उन्होनें समापन समारोह के उपलक्ष्य पर हिन्दी भाषा एवं उसके उपयोग के महत्व के बारे में सभी को अवगत करवाया गया।

इस मौके पर निदेशक महोदय व संयुक्त निदेशक द्वारा हिन्दी पखवाड़ा का सफल आयोजन होने के लिए सर्वगणों का हार्दिक आभार प्रकट किया और साथ ही में उक्त हिन्दी पखवाड़ा मे आयोजित प्रतियोगिताओं के संचालन हेतु हिन्दी विभाग के कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री सुमित की प्रशंसा की।

इसी क्रम में हिन्दी पखवाड़ा– 2023 के अन्तर्गत आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को निदेशक महोदय, संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी (राजभाषा) व कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण–पत्र के साथ नकद पुरस्कार (राशि सीधे उनके बैंक खाते में स्थानान्तरित की गयी) प्रदान किये गये। इस प्रकार विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार के रुप में ₹ 4500/–, द्वितीय पुरस्कार के रुप में ₹ 3500/–, तृतीय पुरस्कार के रुप में ₹ 2500/– तथा कुल 04 सांत्वना पुरस्कार के रुप में ₹ 1500/– रुपये की राशि प्रदान की गयी।

इसके उपरान्त निदेशक महोदय द्वारा सभी अधिकारियों/संकाय/कर्मचारियों/विद्यार्थियों को अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। संयुक्त निदेशक एवं प्रभारी (राजभाषा) महोदय व कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा हिन्दी पखवाड़ा– 2023 के समापन की घोषणा करते हुए सर्वगणों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इसके साथ ही निफ्ट, पंचकूला के निदेशक महोदय एवं संयुक्त निदेशक व प्रभारी (राजभाषा) महोदय के मार्गदर्शन एवं सुझावों के लिए धन्यवाद दिया गया। इस प्रकार निफ्ट, पंचकूला में हिन्दी पखवाड़ा– 2023 बहुत ही उमंग, हर्षोल्लास एवं आनन्दमय तरीके से सम्पन्न हुआ।

*****